# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 27.11.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा– (सदस्य सचिव)
3. श्री अजय कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग–1, मथुरा।
4. श्री गुलवीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
5. श्री राजीव कुमार सिंह सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
6. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
7. श्री अशोक कुमार ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज– I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
8. श्री अशोक कुमार शर्मा, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज– II, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
9. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।
10. श्री सुमित वर्मा, क्यू0ए0क्यू0सी0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

**पैकेज–01 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 27.11.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 80% |
| | | ACHIEVEMENT | 935 KM | | |
| 3 | Sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 35% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 30% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 51% |
| | | ACHIEVEMENT | 605 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 7.50% |
| | | ACHIEVEMENT | 4.12 KM | | |

**पैकेज–02 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 27.11.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 29% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 181 | | |
| 2 | Distribution System & Related work | TARGET | 4566 | 90% | 61% |
| | | ACHIEVEMENT | 2820 | | |

- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की प्रगति अनुबन्धित टाइमलाइन/फर्म द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित कार्य योजना से पीछे होने के कारण निर्माणकर्ता फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जे0वी0) को नोटिस/चेतावनी पत्र निर्गत करने एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को पत्र प्रेषित करने सम्बन्धी पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

- बैठक में मुख्य विकास अधकारी महोदय द्वारा ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़कों की पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यों की धीमी प्रगति होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई एवं फर्म के प्रोजेक्ट मैंनेजर को उक्त कार्य हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया।
- कार्यों की गुणवत्ता एवं निगरानी हेतु अनुबन्धित टी0पी0आई0 मै0 फिचनर्स कन्सल्टिंग इन्जीनियर्स (इण्डिया) प्रा0लि0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यालय से जनपद में कार्यरत इन्जीनियर्स की कुल संख्या 20 में से 10 इन्जीनियर्स को हटा दिया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि इन्जीनियरों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को पत्र प्रेषित किया जाए।
- कार्यों की समीक्षा के दौरान सितम्बर माह से लम्बित एन0सी0आर0 को क्लोज न कराये जाने के फलस्वरूप उक्त एन0सी0आर0 का विवरण पत्र में लिखवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक पंचायत में नलजल मित्र का चयन किया जाना है। जिस पर निर्देश दिए गये कि जिला पंचायतराज अधिकारी को पत्र लिखकर सम्बन्धित ग्राम पंचायत के ग्राम सचिव व प्रधान से नलजल मित्र का चयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करा लिया जाये।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

Digitally signed by
Dinesh Kumar
Date: 18-12-2025
15:53:47

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

5. जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा को इस आशय से प्रेषित कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–। एवं ।।), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
8. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा/जनपद मथुरा में कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाएं।

**अधिशासी अभियन्ता**